Title: Urged upon the Minister, Human Resouce Development to establish a committee to investigate into the matter relating to the resutls of medical examinations conducted by the CBSE, BHU and the AIIMS which has been challenged by Mr. Jaiprakash Chaurasia, an examinee from Khagria District, Uttar pradesh who has not qualified in any of these three examinations.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़ियाः) : अध्यक्ष महोद्य, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेडिकल विभाग के परीक्षाफल में हो रही धांधली के विाय में आकर्ित करना चाहती हूं। मेडिकल की परीक्षा लेने वाले चाहे बी.एच.यू. हो, सी.बी.एस.ई. हो या एम्स हो, इन सबमें पेंसिल से परीक्षा ली जाती है। इससे सेंटर में परीक्षा के बाद उत्तर और रोल नम्बर मिटाने की सम्भावना बनी रहती है। मेरे क्षेत्र का एक विद्यार्थी हरिशंकर चौरसिया, पुत्र श्री जयप्रकाश चौरसिया, ग्राम और पो. बैसा, थाना पर वत्ता, जिला खगड़िया, इन तीनों इंस्टीट्यूट्स में परीक्षा देने गया। बाद में वह मेरे पास रोते-कलपते हुए आया और उसने बताया कि बहुत अच्छे पेपर होने के बावजूद उसे फेल कर दिया गया। बी.एच.यू. में उसका रोल नम्बर 12263 है, सी.बी.एस.ई. में 1318637 है और एम्स में 802153 है। मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन मंत्री जोशी जी, जो यहां उपस्थिति हैं, से अनुरोध करना चाहती हूं कि अगर इस तरह से धांधली हो और पैसा लेकर परिणाम निकाला जाए तो यह उचित बात नहीं है। उक्त विद्यार्थी का चैलेंज है कि चाहें तो उत्तर पुस्तिकाएं निकाल कर उसकी दुबारा जांच कर ली जाए। मैं आग्रह करना चाहती हूं कि इस तरह से प्रतिभा का हनन न हो, ब्रेन ड्रेन न हो इसलिए मंत्री जी वहां एक जांच कमेटी बिठाएं जो इसकी जांच करे, ताकि रोते-कलपते जो विद्यार्थी मेरे पास आया है, उसको न्याय मिल सके।